दिन– सोमवार दिनांक– 12/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– उद्योगों के लिए बने कार्यबल और जीएसटी सुधारों से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

03. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अब नेट उत्तीर्ण छात्र ही पीएचडी कर सकेंगे। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने कुलपतियों को यूजीसी की गाईड लाइन लागू करने के दिये निर्देश।

04. और, प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड से जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने सोलह जनवरी तक राज्य के विभिन्न भागों में घने कोहरे की संभावना जताई।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत में अभूतपूर्व स्थिरता का वातावरण है। श्री मोदी ने गुजरात के राजकोट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उद्योग के लिए तैयार कार्यबल और जीएसटी सुधारों से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।

–––बाइट–––

अब से कुछ समय पहले ही देश ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रीफॉर्म लागू किए थे। हर सेक्टर पर इसका अच्छा असर दिखा, विशेष रूप से हमारे एम. एस. एम. ई. को बहुत फायदा हो रहा है। रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार भारत ने बहुत बड़ा रिफॉर्म, इंश्योरेंस सेक्टर में किया गया है। भारत ने ऐतिहासिक लेबर रिफॉर्म्स को भी लागू कर दिया है। भारत को एश्योयर्ड एनर्जी की बहुत जरूरत है और इसका बहुत बड़ा माध्यम न्यूक्लियर पॉवर है। इसको देखते हुए, हमने न्यूक्लियर पॉवर सेक्टर में भी नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म किया है।

---

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बारह जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का प्रेरणादायक जीवन और उनके संदेश युवाओं को अपने सपनों को साकार करने, आंतरिक शक्ति का उपयोग करने और उज्ज्वल भविष्य का

निर्माण करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार छब्बीस के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट——

---

इधर, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजधानी पटना समेत विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के डाकबंगला चौराहे के पास स्थित स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा स्थल पर मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र के विकास का सशक्त आधार है। श्री कुमार ने युवा पीढ़ी से राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

---

प्रदेश में नेशनल इलिजीबलिट टेस्ट— नेट उत्तीर्ण छात्र ही अब पीएचडी कर सकेंगे। विश्वविद्यालयों में पीएचडी को लेकर यूजीसी की गाईड लाइन लागू की जाएगी। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने लोक भवन में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक में यूजीसी गाईड लाइन के पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने फरवरी के प्रथम सप्ताह तक विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों के रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया, ताकि उन पदों पर नियुक्ति की जा सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से अपने—अपने क्षेत्र के पांच—पांच गांवों को गोद लेकर उन्हें शैक्षणिक रूप से उन्नत बनाने को भी कहा है।

---

राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में नामांकन से लेकर नियुक्ति तक में आरक्षण रोस्टर का पालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया है। विश्वविद्यालयों के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉक्टर विमल सागर ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को इस संबंध में पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया—एसओपी के अनुसार आरक्षण का पालन सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि कई विश्वविद्यलयों में एसओपी के पालन नहीं करने की शिकायत मिल रही थी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जनवरी से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य के सभी जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों के प्रधान सचिव और सभी जिलों के जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, रोजागार और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का जायजा लेंगे। समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री सात निश्चय से संबंधित योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने के साथ जनता से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री की यह यात्रा राज्य के विकास कार्यों को रफ्तार देने के उद्‌देश्य से शुरू की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के लिए नौ जनवरी दो हजार नौ को विकास यात्रा की शुरूआत की थी। इसके बाद से जनसंवाद का यह सिलसिला जारी है। उन्होंने तेईस दिसम्बर दो हजार चौबीस को प्रगति यात्रा की थी।

---

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सर्द पछुआ हवा के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। विभाग ने सोलह जनवरी तक राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम भाग के कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी पटना का पारा आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। पटना का न्यूनतम तापमान सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

कड़ाके की ठंड के मद्‌देनर विभिन्न जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में कक्षा आठ तक पटन–पाठन को स्थगित रखने के आदेश दिये हैं। लखीसराय और सीतामढ़ी जिला

प्रशासन ने कक्षा आठवीं तक पठन–पाठन चौदह जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। वहीं, नौवीं कक्षा और ऊपर की कक्षाएं सुबह दस बजे के बाद आयोजित की जाएगी। शेखपुरा जिला प्रशासन ने पांचवी तक पठन–पाठन चौदह जनवरी तक स्थगित कर दिया है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने भी तेरह जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में पांचवी तक की कक्षाओं को बंद रखने का निर्देश दिया है।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि स्लीपर बसों की बनावट में अनधिकृत बदलाव करने पर परमिट रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने पटना में कहा कि स्लीपर बसों के निर्माण में तय मानकों में किसी तरह का बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि नियम का उल्लंघन करने वाले ऑपरेटरों, आरटीओ अधिकारियों और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज सुबह दस बजकर सत्रह मिनट पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम प्रक्षेपण केंद्र से पीएसएलवी–सी–62 ईओएस–एन–वन मिशन का प्रक्षेपण करेगा। यह मिशन भारत के सबसे विश्वसनीय और सफल प्रक्षेपण यान पीएसएलवी की चौंसठवीं उड़ान होगी। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

इस मिशन का संचालन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड कर रहा है। यह पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के निर्माण और प्रक्षेपण का नौवां वाणिज्यिक मिशन है। यह रॉकेट भारतीय और अन्य देशों के 15 अन्य उपग्रहों को भी लेकर जाएगा। प्रक्षेपण में पीएसएलवी–डीएल संस्करण का उपयोग किया जाएगा। यह दो ठोस स्ट्रैप–ऑन मोटरों से सुसज्जित है, जिससे यह यान कई उपग्रहों को सटीक कक्षाओं में ले जाने में सक्षम है। इस मिशन का एक विशेष आकर्षण स्पेनिश स्टार्टअप द्वारा विकसित केस्ट्रेल इनिशियल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन है। यह भविष्य में दोबारा उपयोग वाले यान का एक लघु–स्तरीय नमूना है। यह अंतिम परिचालित पेलोड होगा और इसके दक्षिण प्रशांत महासागर में नियंत्रित लैंडिंग से पहले पृथ्वी के वायुमंडल में फिर प्रवेश करने की संभावना है।

---

केंद्र सरकार ने उस समाचार रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि भारत सुरक्षा सुधार के तहत स्मार्टफोन निर्माताओं को अपना सोर्स कोड साझा करने के लिए बाध्य करने का प्रस्ताव कर रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार ने स्मार्टफोन निर्माताओं को अपना सोर्स कोड साझा करने के लिए बाध्य करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया है। पीआईबी ने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मोबाइल सुरक्षा के लिए

सबसे उपयुक्त नियामक ढांचा तैयार करने हेतु हितधारकों के साथ परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह किसी भी सुरक्षा मानक के लिए उद्योग के साथ नियमित परामर्श का एक हिस्सा है।

---

भारत ने तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। वड़ोदरा में खेले गए मुकाबले में तीन सौ एक रन के लक्ष्य के जवाब में भारत ने उनचास ओवर में छह विकेट पर तीन सौ छह रन बनाकर मैच जीत लिया। रोहित शर्मा के जल्दी ऑउट हो जाने के बाद कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए एक सौ अठारह रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। गिल ने इकहत्तर गेंदों में छप्पन और कोहली ने इक्यानवे गेंदों में तिरानवे रन बनाए।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पटेल सेवा संघ द्वारा आयोजित दही–चूड़ा भोज में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पटना के दारोगा राय पथ स्थित पटेल सेवा संघ के परिसर में स्थापित भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

---

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने पटना सिटी के गुलजारबाग स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। उन्होंने बुर्जुग पुरूष और महिलाओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

---

सुपौल पुलिस ने राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही में एनएच–सत्ताईस पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक वाहन से चार सौ इक्यावन किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों अररिया जिले के रहने वाले हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का शीर्षक लगाया है – दुनिया की भारत से उम्मीदें बढ़ी।

दैनिक जागरण ने मौसम की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – पछुआ हवा से बढ़ेगी कनकनी, चार डिग्री तक गिरेगा तापमान।

दैनिक भास्कर लिखता है – बिहार से गुजरेगी चार नई अमृत भारत ट्रेनें, यूपी–बंगाल जाना अब और आसान।

प्रभात खबर की सुर्खी है – पीएम रोजगार सृजन योजना, पांच साल में बिहार से तीन हजार बावन को ही मिला लोन।

राष्ट्रीय सागर लिखता है – चिराग पासवान चौदह जनवरी के बाद बिहार में आभार यात्रा पर निकलेंगे।

आज अखबार का शीर्षक है – नेपाल में राजशाही समर्थकों ने फिर किया प्रदर्शन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– उद्योगों के लिए बने कार्यबल और जीएसटी सुधारों से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

03. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अब नेट उत्तीर्ण छात्र ही पीएचडी कर सकेंगे। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने कुलपतियों को यूजीसी की गाइड लाइन लागू करने के दिये निर्देश।

04. और, प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड से जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने सोलह जनवरी तक राज्य के विभिन्न भागों में घने कोहरे की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।